जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-44 | जयपुर, सोमवार, 27 नवम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# विधानसभा चुनाव 2023- राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ 74.96 प्रतिशत मतदान

## ❒ ईवीएम में कैद हुआ प्रत्याशियों का भविष्य

## ❒ 3 दिसंबर को किसका होगा राजतिलक ?

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए शनिवार को 199 सीटों पर वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार 0.9 फीसदी अधिक वोटिंग हुई है। राज्य में कुल 74.96 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सूबे में वोटिंग प्रतिशत कम होने या बढ़ने का एक ट्रेंड चलता रहा है । हर बार वोटिंग प्रतिशत बढ़ने का लाभ बीजेपी को मिला है और घटने का लाभ कांग्रेस को मिला है । राजस्थान में बीते 5 सालों के रिकॉर्ड को देखें तो हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है । पिछले 20 साल का वोटिंग ट्रेंड यह भी कहता है कि जब भी मतदान प्रतिशत घटा है तो इसका सीधा लाभ कांग्रेस को मिला है, जबकि वोटिंग अधिक होती है तो इसका लाभ बीजेपी को मिलता है । 3 नवंबर को चुनाव के नतीजे का इंतजार सभी को है। इसमें पुराने ट्रेंड के बरकरार रहने अथवा बदलने की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हालांकि चुनाव के बाद सूबे के रिवाज की चर्चा तेज हो गई है। दावा किया जा रहा है कि अधिक वोटिंग का लाभ बीजेपी को हो सकता है। अब चुनाव नतीजे पर सबकी निगाहें टिक गई हैं । खासतौर पर सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, राज्य वर्धन सिंह राठौर के चुनाव नतीजे क्या होंगे, इस पर भी नजरें बनी हुई है ।

**कहां हुई कितनी वोटिंग** –इस बार राजस्थान में सबसे ज्यादा जैसलमेर में 82.32 प्रतिशत मतदान हुआ है । उसके बाद प्रतापगढ़ में 82.07 फीसदी, बांसवाड़ा में 81.36 फीसदी और हनुमानगढ़ में 81.30 प्रतिशत वोटिंग हुई है । राज्य में सबसे कम मतदान पाली में 65.12 प्रतिशत हुआ है।





### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा

सीएम अशोक गहलोत ने वोट डालकर कहा कि हमारी सरकार ने इस बार बहुत बढ़िया काम किया है । हमारे खिलाफ कोई लहर नहीं है । हमें स्पष्ट बहुमत मिलेगा, सरकार रिपीट होने जा रही है ।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी के विजन, विकास और विश्वनीयता पर मुहर लगा दी है । इसलिए अब राजस्थान में अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा । मुझे पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा के सुराज को अपनाया है ।



### विदाई से पहले दुल्हनों ने डाला वोट

राजस्थान में लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओं ने प्रदेश में सरकार बनाने को वोट डाला है । सभी मतदाता अपने-अपने प्रत्याशियों को वोट देते नजर आए । वहीं शादियों के सीजन में दूल्हा - दुल्हन भी वोट देते नजर आए । ऐसा ही नज़ारा चौमूं विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुरा ग्राम में नजर आया, जहां दुल्हन प्रियंका शर्मा और नीलम शर्मा द्वारा विदाई से पहले अपने भाईयों के साथ सरकार बनाने के लिए वोट डाला । इस दौरान समाजसेवी रविकांत शर्मा, श्याम शर्मा और कृष्ण शर्मा भी मौजूद रहे ।

वहीं चौमूं विधानसभा में भाजपा से रामलाल शर्मा, कांग्रेस से डॉ. शिखा मील बराला, आरएलपी-एएसपी से छुट्टन लाल यादव, बसपा से कैलाश राज सैनी, आप से हेमंत कुमावत सहित 9 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है ।

## अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया डॉ. सुनीता कुमावत का सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल की डॉक्टर सुनीता कुमावत का सम्मान किया । सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर व श्याम प्रतीक चिन्ह भेंट किया । पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि डॉ.सुनीता कुमावत देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल में काफी वर्षों से सेवाएँ दे रही है, उनकी सेवाओं को देखते हुए व उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इनका सम्मान किया गया । इस दौरान राजकरण कुमावत, जगदीश प्रसाद शर्मा, पूजा, अंजू, अभिषेक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



## इनाया फाउंडेशन के सानिध्य में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**अनूपगढ़ (हमारा वतन)।** महिला सुरक्षा केंद्र अनूपगढ़ जिले में इनाया फाउंडेशन और आर एच आई मैगनेसिटा के द्वारा पुलिस थाना परिसर में समस्त स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया ।

इस दौरान रक्तकोष फाउंडेशन के राष्टीय उपाध्यक्ष मनोज सुथार, एएसआई कालूराम, गुरलेम सिंह, मनीष सिहाग, सुरेश ढाका, अरविंद चौधरी एवं इनाया फाउडेशन टीम मैंबर रोहित शर्मा, एडवोकेट अर्चना यादव, सलाहकार द्रोपती बिश्नोई आदि ने भाग लिया।




खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की छूट !

खादी भारत
Khadi India

50% प्रतिशत की छूट

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के प्रशिक्षक हैलाकांडी में कर रहे हैं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम



**त्रिपुरा (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के प्रशिक्षक डॉ. मनीष राय ने असम के हैलाकांडी जिले के कतलीचेरा के रागांबाक में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें गांव के लोगों को उन्होने वित्तीय रूप से जागरूक किया । इस दौरान डॉ. मनीष राय ने लोगों को भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में बताया जिससे आमजनता को फायदा हो सकता है । डॉ. राय बताते हैं कि सरकार की ऐसी बहुत सी वित्तीय योजना आती है जो गांवों के सभी लोगों को पता नहीं चल पाता जिसकी वजह से वो लोग इस सुविधा का फायदा नहीं उठा पाते है । सभी को जागरूक होकर आगे बढ़ते हुए स्वयं लाभ प्राप्त कर दुसरे लोगो को भी जागरूक करना होगा, सभी की उन्नति ही राष्ट्र की उन्नति है । डॉ. राय खास तौर से उन लोगों को जागरूक कर रहे हैं, जिनको भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पता नहीं है। डॉ. राय संचय और निवेश के उपर विशेष ध्यान देते हुए सभी को बता रहे कि आप सभी संचय के साथ - साथ निवेश भी किजिए । संचय आपातकाल में काम आता है एवं निवेश से आमदनी बढ़ता है। इस अच्छे काम के प्रति नजर रखते हुए गांवों के लोगो ने राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के प्रशिक्षक तथा संतोष कुमार राय कॉलेज के अध्यापक डॉ. मनीष राय की सराहना की । इसके साथ - साथ स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने भी डॉ. मनीष राय की सराहना की ।



# खम्भोलज साहित्य सेवा संस्था द्वारा फटाफट ऑनलाइन कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**गुजरात (हमारा वतन)।** खंभोलज साहित्य सेवा मंच द्वारा ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ । मुख्य अतिथि डॉ. गुलाबचंद पटेल गुजरात से उपस्थित रहे व विशेष अतिथि सुनिल दत्त मिश्रा फिल्म एक्टर, राइट उपस्थित रहे । सरस्वती वंदना उषा दावडा द्वारा की गई । सभी गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत संस्था प्रमुख डॉ.शैलेष वाणिया शैल ने किया व मंच सहयोग प्रिती परमार प्रित ने किया। कुल 51 कवियों ने अपनी रचनाओं को पर्दे पर उतारा। व्हाट्सएप ग्रुप में 486 की भीड़ थी । कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष डॉ. शैलेष वाणिया शैल द्वारा डिजिटल प्रमाण पत्र वितरण किया गया । निलेश राठोड नील गुजरात व आर. महेता द्वारा अंत में धन्यवाद दिया । इस कवि सम्मेलन में गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार आदि राज्यों के कवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान लताबेन चौहान गोधरा गुजरात ने प्रस्तुत किया।

# जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर दिल्लीवासी, छह दिन राहत के आसार नहीं



**दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कुछ क्षेत्रों में गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, रविवार सुबह राजधानी के कई इलाकों में 400 के पार एक्यूआई दर्ज किया गया है। जहांगीरपुरी में 450, बवाना में 427, आनंद विहार में 433, अशोक विहार में 434, द्वारका सेक्टर-8 में 385, बुराड़ी में 404, आईजीआई एयरपोर्ट पर 360, आईटीओ पर 382, आया नगर में 320 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सरकार इस पर पूरी ताकत से काम कर रही है। मैं दिल्ली की जनता से भी कहना चाहूंगा कि आज उत्तर भारत में प्रदूषण में पराली जलाने की बहुत कम घटनाएं शामिल हैं। अब, स्थानीय प्रदूषण स्त्रोतों के कारण उत्तरी एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। मैं आग्रह करना चाहूंगा कि जिस तरह से जीआरएपी III को सख्ती से लागू किया गया है दिल्ली में लागू, एनसीआर में भी नियमित निगरानी होनी चाहिए। बायोमास जलने का योगदान दिखाई दे रहा है क्योंकि वर्तमान प्रदूषण स्थानीय स्त्रोतों के कारण है।

यह एनसीआर से दिल्ली में आ रहा है। मुझे लगता है कि हमें सामूहिक प्रयास करना होगा और बदलाव लाना होगा मौसम भी वायु गुणवत्ता में सुधार की गुंजाइश प्रदान करता है।

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा चार किमी प्रति घंटे की गति पूर्वोत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे व धुएं के कारण प्रदूषण स्तर को बढ़ने का मौका मिला। वहीं दिन में चली सर्द हवा के कारण प्रदूषण कण फैल नहीं पाए। हालांकि दिन में खिली हल्की धूप व हवा के रुख में आए बदलाव के कारण प्रदूषक तत्वों से थोड़ी राहत मिली जिस कारण शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार हुआ।

# निशुल्क पांच दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आर.एन. नोवाल फाउंडेशन द्वारा निशुल्क पांच दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन हुआ । इस शिविर में आए हुए रोगियों का प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा उपचार किया गया । शिविर में मिट्टी पट्टी, कटि स्नान, भाप स्नान, पाद स्नान, स्थानीय भाप लपेट, एनिमा, मालिश एवं शिरोधारा के द्वारा रोगियों का उपचार किया गया । शिविर के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में 5 दिन में कुल 127 रोगियों ने इलाज करवाया एवं परामर्श लिया । इस अवसर पर आए हुए रोगियों को जड़ी बूटी द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि एवं दर्द निवारक तेल निशुल्क प्रदान किया गया । आर. एन. नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि शिविर में 24 गांव के व्यक्तियों ने उपचार करवाया एवं परामर्श लिया । शिविर में आए हुए लोगों को अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। शिविर में डॉक्टर कल्पना शर्मा ने भी सेवाएं दी। शिविर में 10 उपचारको ने सेवाएं प्रदान की ।



# अभिषेक सैनी बने प्रदेश कांग्रेस सचिव



**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं निवासी अभिषेक सैनी को प्रदेश संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया गया है । अभिषेक सैनी को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी देने पर सभी कांग्रेस जनों और समर्थकों ने आलाकमान का आभार जताया है । गौरतलब है कि अभिषेक सैनी इससे पहले भी संगठन के कई पदों पर रह चुके हैं । वर्तमान में इनकी पत्नी राधिका सैनी चौमूं नगरपरिषद में पार्षद है ।

# यूथ फेडरेशन प्रमुख रविन्द्र सिंह राठौड़ को मिलेगा यूथ आइकॉन अवॉर्ड



**जयपुर (हमारा वतन)।** यूथ फेडरेशन प्रमुख रविन्द्र सिंह राठौड़ को लखनऊ उत्तर प्रदेश में उनके सामाजिक कार्यों के लिए यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा । रोली सिंह ने बताया कि राठौड़ को यह सम्मान उनके खेलों को प्रोत्साहन देने और समाज सेवा के लिए प्रदान किया जाएगा । ये सम्मान वर्ल्ड कप सिल्वर मेडलिस्ट ट्रैप शूटर सीमा सिंह तोमर द्वारा दिसंबर में प्रदान किया जाएगा ।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने किया मतदान

जयपुर । राजस्थान विधानसभा चुनाव- 2023 के लिए शनिवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गांधी नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 53 पहुँच कर मतदान किया। इस दौरान गुप्ता ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

# हरिओम महाराज को मिला ज्योतिष वास्तु प्राइड अचीवमेंट अवार्ड 2023




**कोटा (हमारा वतन)।** अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान द्वारा कोटा शहर में आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन और सम्मान समारोह में जयपुर के हरिओम महाराज को ज्योतिष वास्तु प्राइड अचीवमेंट अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया । सम्मानस्वरूप प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह और मैडल प्रदान किया । यह सम्मान अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान कोटा के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य आदित्य कुमार शास्त्री ,कोटा यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर नीलिमा सिंह, कोटा यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉ. राजकुमार उपाध्याय, ज्योतिष आचार्य दिल्ली के डॉक्टर अजय भांबी के कर कमलों से प्रदान किया गया । गौरतलब है कि हरिओम महाराज को यह अवार्ड भारतीय प्राच्य विद्या ज्योतिष विज्ञान, वास्तु शास्त्र, हस्तरेखा ,टेरो, न्यूमैरोलॉजी, आयुर्वेद एवं अन्य अनुसांगिक विधाओं के प्रचार-प्रसार, संरक्षण व जनमानस की सराहनीय समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया ।

## जॉब्स-


1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
2. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट्स क्लर्क, पद संख्या 8283, अंतिम तिथि 7 दिसंबर 2023
3. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे प्रयागराज, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2023
4. आईडीबीआई बैंक, पद जूनियर असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 2100, अंतिम तिथि 6 दिसंबर 2023
5. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 75768, अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023
6. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद आईबी एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 995, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2023
7. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 5280, अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2023
8. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, पद सिक्योरिटी स्क्रीनर, पद संख्या 906, अंतिम तिथि 8 दिसंबर 2023




# क्या रणबीर-शाहिद को डेट कर रही थीं नरगिस?

## रिलेशनशिप गॉसिप्स पर 'रॉकस्टार' फेम एक्ट्रेस ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इम्तियाज अली की फिल्म रॉकस्टार के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं नरगिस के बारे में खबर थी कि वह रणबीर कपूर के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में इस तरह की खबरों को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है। नरगिस ने कहा कि रणबीर के साथ उन्हें लिंक किए जाने की खबरों पर उन्हें बहुत ज्यादा फ्रस्ट्रेशन हो रही थी।



**रिलेशनशिप न्यूज पर आता था गुस्सा**-सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में नरगिस फाखरी ने कहा, मुझे फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी के साथ लिंक किया गया है और यह सब सुनकर मेरा दिमाग फटने लगता था। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बारे में ऐसी खबरें भी पढ़ी थीं कि वह शाहिद कपूर के अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गई हैं।

**नरगिस की मां के बारे में उड़ीं खबरें**-नरगिस के बारे में कहा गया कि उनकी मां शाहिद कपूर से मिलने जाती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि लोगों ने उन्हें मैसेज करके इन चीजों के बारे में सवाल करना शुरू कर दिया था। एक्ट्रेस ने कहा कि लोग रिलेशनशिप से जुड़ी बातें आमतौर पर छिपाना पसंद करते हैं और अपनी एक आइडियल इमेज मीडिया में प्रोजेक्ट करते हैं।

**कोई भी रिश्ते का सच नहीं बताता**-रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी और शाहिद कपूर की मीरा राजपूत की शादी से पहले उनके नाम कई स्टार्स के साथ लिंक किए गए थे। एक्ट्रेस ने बताया, मैं आपको बताना चाहती हूं कि चीजें अलग होती हैं, कोई भी अपना सच नहीं बताता है जब तक कि उनके पास एक ऐसा दोस्त है जिसे वह सब शेयर कर सकते हैं।

**सेट पर मुश्किल होता है फर्क करना**-नरगिस फाखरी ने इस बारे में भी बात की, कि कैसे फिल्म सेट पर काम करने के दौरान स्टार्स एक दूसरे के साथ फ्लर्ट करते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म सेट पर हर कोई एक दूसरे के साथ फ्लर्ट करता है और कई बार फर्क करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है कि कौन फ्रेंडली हो रहा है और कौन सचमुच आपमें इंट्रेस्ट दिखा रहा है।

# 'अंकिता लोखंडे का पति होना ही रह गई पहचान', विकी जैन को होती है बीवी की पॉपुलैरिटी से जलन!

रियलिटी टीवी शो बिग बॉस सीजन 17 में अंकिता लोखंडे और विकी जैन की जोड़ी लगातार चर्चा का विषय रही है। अंकिता और विकी ने बतौर कपल बिग बॉस के मोहल्ले में एंट्री ली थी और फैंस यह मानकर चल रहे थे कि यह जोड़ी लोगों के सामने एक आदर्श कपल के तौर पर उभरेगी। हालांकि कहानी बिलकुल विपरीत दिशा में जाती नजर आ रही है। विकी और अंकिता के बीच शुरू से ही जमकर झगड़े देखने को मिले हैं और अब दोनों के बीच का टसल बढ़ता ही जा रहा है।



**क्यों अंकिता को इगनोर कर रहे हैं विकी**- बिग बॉस 17 के हालिया एपिसोड में विकी जैन ने खुलकर इस बात का इजहार किया कि उन्हें अंकिता लोखंडे की पॉपुलैरिटी से जलन होने लगी है। विकी जैन ने बताया कि वह क्यों अंकिता लोखंडे के साथ खेलने की बजाए अपना खुद का गेम खेलना पसंद करते हैं। वह क्यों आखिर अंकिता को नजरअंदाज कर रहे हैं?

**अंकिता का पति होना ही रह गई पहचान**-विकी जैन ने अंकिता लोखंडे के सामने ही कहा कि उनकी पहचान बस अंकिता लोखंडे का पति होना ही रह गई है। विकी ने कहा कि उनके बिजनेस और उनके करीबियों के बीच भी बस उनकी यही एक पहचान रह गई है कि वह अंकिता लोखंडे के पति हैं।


**तेजी से घरवालों के बीच पॉपुलर हुए विकी**-अंकिता लोखंडे ने जब उनसे पूछा कि उन्होंने आज तक यह बात उन्हें क्यों नहीं बताई तो विकी जैन ने कहा कि वह शादी के बाद से ही यह सब फेस कर रहे हैं। मजाक में या फिर सीरियस होकर लोग उनसे यह कह देते हैं। मालूम हो कि विकी ने घर में बहुत चालाकी से अपनी जगह बनाई है और वह तेजी से पॉपुलर भी हो गए हैं।

**अंकिता ने कहा- शायद शादी करके गलती की**-एक तरफ जहां अंकिता लोखंडे बहुत इमोशनल होकर इस खेल में आगे बढ़ रही हैं वहीं विकी जैन पूरा दिमाग लगा रहे हैं। जहां तक दोनों के रिश्ते की बात है तो अंकिता पिछले दिनों यह कह चुकी हैं कि शायद उन्होंने विकी से शादी करके गलती कर दी है। वहीं विकी भी अपनी पत्नी से ज्यादा इस गेम पर फोसकर करते दिखे हैं।



# इस तरह रखेंगी अपनी ब्राइडल जूलरी तो कभी नहीं पड़ेंगी काली

शादी में पहनी गई वेडिंग जूलरी हर दुल्हन के लिए बेहद खास होती है। ऐसे में अगर यह सोना-चांदी या डायमंड से बनी हों, तो इनका खास ख्याल रखना भी बहुत जरूरी हो जाता है। शादी का जोड़ा ही नहीं बल्कि उसके साथ पहनी गई वेडिंग जूलरी भी हर दुल्हन के लिए बेहद खास होती है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि होने वाली हर दुल्हन अपने स्पेशल दिन को खास बनाने के लिए न केवल बहुत सारे पैसे खर्च करती है बल्कि किसी तरह की कोई कमी भी नहीं छोड़तीं। यही एक वजह भी है कि कुछ ब्राइडस शादी के ऑउटफिट से मैच करती आर्टिफिशियल ज्वेलरी सिलेक्ट करती हैं।



वहीं कुछ दुल्हनें अपनी शादी के खास मौके पर गोल्ड-डायमंड और कुंदन से बनी एक्सपेंसिव जूलरी पहनने का ही मन बनाती हैं। ऐसे में इन कीमती और खास ज्वेलरी का ध्यान रखना भी बहुत ज्यादा जरूरी हो जाता है, ताकि इनकी चमक हमेशा बरकरार रहे।

**बीच-बीच में पॉलिश करवाएं**-अपनी वेडिंग जूलरी को सुरक्षित रखने का यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि आप उन्हें एक जगह पर रखकर ही भूल जाएं। हर 6 से 7 महीने में अपने गहनों को चेक करती रहें। अगर उनकी चमक फीकी पड़ रही है, तो उन्हें ज्वैलर के पास भेजकर पॉलिश करवाए ताकि वह लंबे समय तक चल सकें। शादी के बाद जब किसी खास मौके पर उन्हें पहनने की बारी आए तो आपको पॉलिश के लिए जल्दबाजी न करनी पड़े। बता दें कि अक्सर पॉलिश करवाते रहने से आप की ज्वेलरी की चमक ज्यों की त्यों बनी रहती है।

**अलग-अलग बॉक्स में रखें**-अपनी वेडिंग ज्वेलरी को आकार के अनुसार अलग-अलग बॉक्स में रखें। बॉक्स में रखने से पहले इन्हें मुलायम कपड़े या फिर कॉटन में लपेट कर रखें ताकि यह नमी के संपर्क में ना आएं। आप चाहें तो अपनी ज्वेलरी बॉक्स के अंदर कपूर की पोटली भी रख सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कपूर एक्स्ट्रा नमी सोंखने का काम करता है। यही नहीं, हर 6-7 महीने में ज्वेलरी बॉक्स को चेक करती रहें। अगर बॉक्स टूट गया हो, तो नए बॉक्स में ज्वेलरी को तुरंत एडजस्ट करें।

**हर बार साफ करें**-ज्वेलरी को पहनने के बाद सीधा उसे उतारकर बॉक्स में ना रखें। पहले इन्हें मुलायम कपड़े से साफ कर लें। ताकि डस्ट-धूल मिट्टी और गंदगी सही तरीके से निकल जाए। फिर इन्हें बॉक्स में कपड़ों की मदद से लपेट कर रखें। ज्वेलरी को साफ करने के लिए आप उन कपड़ों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं,

जिनसे अपने चश्मे को ज्यादातर हम साफ करते है। ज्वेलरी को साफ करने के लिए किसी भी तरह के कैमिकल का इस्तेमाल ना करें। इन्हें सूखे मुलायम कपड़े से ही साफ करें। इस तरह ज्वेलरी की चमक हमेशा बरकरार रहेगी।

**केमिकल से दूर रखें**-ज्वेलरी पर किसी भी तरह का केमिकल ना पड़ने दें। ज्वेलरी पहनते समय यह ध्यान रखें कि आप उनके पर किसी तरह की क्रीम या फिर परफ्यूम का छिड़काव न करें।

इससे ज्वेलरी में केमिकल रिएक्शन हो सकता है और उसकी चमक फीकी पड़ सकती है। कोशिश करें पूरा मेकअप करने के बाद ही ज्वेलरी कैरी करें और मेकअप निकालने से पहले अपनी ज्वेलरी को उतार कर रख दें।

ज्वेलरी रखते समय इन्हें साफ किए बिना ना रखें। हां, एक बात का ध्यान रखें कि मेकअप के सामान के साथ कभी भी ज्वेलरी ना रखें चाहे कितनी भी जल्दी में ही आप क्यों ना हो।

# धूम्रपान न करने वालों में भी बढ़ रहे हैं लंग कैंसर के मामले!

क्या आप जानते हैं कि धूम्रपान न करने वालों में भी लंग कैंसर के मामले आम हो गए हैं? मगर क्या इन्हें रोका जा सकता है? आइए अब पता करते हैं!फेफड़े का कैंसर दुनिया में दूसरा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। इसे अक्सर धूम्रपान करने वालों में आम माना जाता रहा है। 2020 में नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित 15-20 प्रतिशत पुरुष और 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं धूम्रपान नहीं करती हैं। शोध से पता चलता है कि फेफड़ों के कैंसर और धूम्रपान को लेकर कई तरह की भ्रांतियां न केवल रोगियों को प्रभावित करती है, बल्कि उपचार के दौरान देखभाल करने वाले और डॉक्टरों को भी प्रभावित करती हैं।



**क्या हैं नॉन स्मॉकर्स में लंग कैंसर के संभावित कारण**-फेफड़ों का कैंसर तंबाकू के अलावा और भी कई कारणों से हो सकता है। यह रोग विभिन्न स्थितियों में विकसित हो सकता है, जो धूम्रपान न करने वालों में इसके जोखिम को बढ़ा सकता है। यहां हम बात कर रहे हैं धूम्रपान न करने वालों की जिन्होंने अपने जीवनकाल में 100 से कम सिगरेट पी हैं। विशेषज्ञों का सुझाव है कि फेफड़े का कैंसर धूम्रपान न करने वालों को अलग तरह से प्रभावित करता है, और इसके मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**धूम्रपान न करने वालों के लिए फेफड़ों के कैंसर के जोखिम कारक क्या हैं?**

1. **सेकेंड हैंड स्मोक**-सिगरेट, पाइप, सिगार और अन्य तंबाकू उत्पादों के धुएं को अंदर लेना धूम्रपान जितना खतरनाक हो सकता है। धूम्रपान न करने वालों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार तंबाकू में हजारों हानिकारक रसायन जैसे निकोटीन, हाइड्रोजन साइनाइड, लेड, अमोनिया, आर्सेनिक, कार्बन मोनोऑक्साइड और अन्य पदार्थ मौजूद हैं। ये तत्व फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।
2. **वायु प्रदूषण**-प्रदूषित हवा में सांस लेने से फेफड़ों का कैंसर या सांस की अन्य बीमारियां होने की संभावना रहती है। उद्योगों, वाहनों और अन्य विभिन्न स्रोतों से दूषित हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने के नियमित धूम्रपान के समान परिणाम होते हैं।



# तुलसी विवाह से दाम्पत्य जीवन रहता है खुशहाल

कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार महीने की निद्रा के बाद जागते हैं, उनके जागने के बाद ही सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू होते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को ही तुलसी और शालिग्राम जी का विवाह किया जाता है। हर साल हरि प्रोबधनी एकादशी के दिन तुलसी का शालीग्राम के साथ विवाह कराना शुभ माना जाता है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# दिवाली के दौरान केवल पराली को ही दोष क्यों?

भारत में पराली/ पुआल जलाने की घटनाएं उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे धान उत्पादक राज्यों में हर साल गर्मी और सर्दियों- दोनों मौसम में होती हैं। लेकिन दिवाली के आसपास पराली जलाने के कारण गंभीर वायु प्रदूषण और उच्च एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) के बारे में बहुत हो-हल्ला होता है। जैसा कि हम जानते हैं, ठंडी हवा नीचे धरती पर उतर आती है और गर्म हवा वायुमंडल में ऊपर जाती है। गर्मियों में गर्म हवाएं धुएं को हवा में ऊपर की ओर फैला देती हैं। लेकिन सर्दियों में, वायुमंडलीय परत का स्तरीकरण (एटमोस्फेरिक लेयर स्ट्रेटीफिकेशन) और मौसम की स्थिति के कारण इस समय ठंडी हवा धीरे-धीरे चलती है, जमीन पर नीचे आती है, हवा में बहुत कम नमी होती है, वायुमंडलीय परत स्थिर होती है और ठंडी हवा धूलकण, धुएँ और प्रदूषकों को पकड़कर धरती पर रखती है, उन्हें तेजी से आगे बढ़ने नहीं देती और ऊपर हवा की परतों में मिलने से भी रोकती है। इस प्रकार, सर्दियों में धुंआ हवा की गुणवत्ता को नुकसान पहुँचाता है। सांस लेना मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में, बारिश की संभावना कम होती है और इसलिए हवा में उपस्थित प्रदूषकों के धुल जाने की संभावना भी कम होती है। हवा के स्थायी प्रदूषक हैं- औद्योगिक उत्सर्जन, अपशिष्ट पदार्थ जलने और ऑटोमोबाइल निकास से निकले धुआं, धूल और हाइड्रोकार्बन। हवा के मौसमी प्रदूषक हैं- वर्षा ऋतु में रुके हुए और सर्दियों में फिर से शुरू हो गए निर्माण कार्य से भारी मात्रा में निकलने वाले धूलकण; पांच दिवसीय दिवाली और चार दिवसीय छठ पूजा (सूर्य पूजा) के त्योहारों के दौरान पटाखों से निकलने वाला धुआं और सर्दियों में कृषि-प्रधान प्रान्तों में किसान द्वारा गेहूं की खेती के लिए धान के पुआल या 'पराली' जलाने से भारी मात्रा में निकलने वाला 'मौसमी धुआं'। सर्दियों में स्थायी प्रदूषकों के साथ मौसमी प्रदूषकों का घातक संयोग गंभीर वायु प्रदूषण और सांस की बीमारियों के संकट का कारण बनता है।


राम गोपाल सैनी

## गहलोत ने परिवार संग किया मतदान

# कांग्रेस के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर नहीं': गहलोत

**मतदान के दिन जनाशीष की कामना से परिजनों के साथ विधिवत पूजा भी की और तिलक, पुष्प और अनुष्ठानों द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान की मंगल कामना की**



जोधपुर (नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मतदान हुआ है। लोकतंत्र के इस महापर्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदान करने से पहले विजय तिलक करने अपने घर पहुंचे। साथ ही, उन्होंने मतदान के दिन जनाशीष की कामना से परिजनों के साथ विधिवत पूजा भी की और तिलक, पुष्प और अनुष्ठानों द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान की मंगल कामना की।इस बीच जोधपुर के सरदारपुरा सीट से प्रत्याशी मुख्यमंत्री गहलोत ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हुए अपना मतदान किया। गहलोत ने मतदान के बाद विश्वास जताया कि राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार ही बनेगी। गहलोत अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे थे। मतदान के बाद सीएम गहलोत ने कहा, 'राजस्थान में जो माहौल है उसके अनुसार हम कह सकते हैं कि सरकार हमारी ही बनेगी। राजस्थान में अभी 'अंडरकरंट' (समर्थन की शांत लहर) चल रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में 'अंडरकरंट' होने का पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का दावा खोखला है। गहलोत ने कहा, 'अंडरकरंट' का हमारा दावा ठोस है। राज्य में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ है जो देर रात तक चला। मुख्यमंत्री गहलोत ने दावा किया कि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी राज्य में फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव प्रचार अभियान विकास के मुद्दों पर केंद्रित है। जबकि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उसके अन्य नेताओं ने अपने प्रचार में 'भड़काऊ' भाषा का इस्तेमाल किया है।

राजस्थान में 16वीं विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान शनिवार सुबह सात बजे शुरू हुआ। राज्य में 199 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ हैं। जहां 5.25 करोड़ से अधिक मतदाता 1862 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। राज्य में कुल 200 विधानसभा सीटें हैं लेकिन श्रीगंगानगर जिले के करणपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह के निधन के बाद यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

## मुख्य सचिव उषा शर्मा ने किया मतदान

### ➡ प्रदेशवासियों से अधिकाधिक मतदान करने की अपील की

जयपुर । मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शनिवार को जयपुर के राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। मुख्य सचिव ने मतदान केंद्र पर पंक्ति में लगकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार के उपयोग को लेकर भरपूर उत्साह है।

## (कविता) मेरा गांव मेरा देश

मेरा गांव, मेरा देश,
सुनहरा आकाश,
हरियाली से भरा, प्रेम भरा हर पल।
पहाड़ों की ऊँचाइयों से घिरा हुआ,
धूप-छाँव की बातें, यहाँ की कहानी।

मेरा गांव एक छोटा सा परिसर,
प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर।
धूप में खिली खेतों की बौछार,
हरियाली से भरा बेहद प्यारा।

ध्वनि में बसी हैं पंचवटी की बातें,
मिलनसार हैं लोग, चारों दिशाओं की बातें।
सांसों में बसा है गांव का आधार,
मेरा गांव है, मेरा प्यार, मेरा देश।
धरा पे धूप, आकाश में तारे,
गांव का संगीत है हर एक प्यारे।
हर रोज़ सूर्योदय से लेकर चांदनी रातें। मेरा गांव, मेरा देश, मेरा संसार।


अनुराग उपाध्याय, मध्य प्रदेश

## (गीत) अंतिम

जीवन अंतिम काया अंतिम
अपना और पराया अंतिम
मुँह में बूँदें कुछ गंगा जल की
तुलसी दल का खाया अंतिम

अंतिम क्षण में मौन अधर
भाव भंगिमा तितर -बितर
छूट गयी अंतिम क्षण में
अपने जीवन की सारी फ़िकर
चला चली बस होने चली
यम का भी ये सताया अंतिम
मुँह में बूँदें कुछ गंगा जल की
तुलसी दल का खाया अंतिम

मानव ने पाया क्या खोकर
हासिल हुआ क्या जग का होकर
जले देह बेनाम सी तट पर
बांस से मिले अपनों का ठोकर
आग लगाए तन को आखिर
पहला या फिर जाया अंतिम
मुँह में बूँदें कुछ गंगा जल की
तुलसी दल का खाया अंतिम

मोह - पाश में उलझा सा मन
हुआ बुढ़ापा खोकर यौवन
साथ में कोई चले न जग से
जोड़ा था फिर क्योंकर
कण - कण
हो जा हरि का अब भी समय है
जीवन की कर दे माया अंतिम
मुँह में बूँदें कुछ गंगा जल की
तुलसी दल का खाया अंतिम


-सिद्धार्थ गोरखपुरी

## (कविता) जग ताना देता

जग ताना देता.... !
मन फिर भी सहता है।

जो पूछे मेरा राज
मन नाम तेरा लेता है

तुम्हारे जब तारीफों के पुल
बांधती हूं तो
हर कोई मुझे पागल कहता है।

चलो तुम्हारे लिए पागल
भी कहलाऊंगी
तू जैसे रखे वैसे मैं रह जाऊंगी... !

मुंह से तेरी बात न जाए.... !
हर बात में तेरी ही बात
जुबां पर आए
मेरे मन में तू कुछ इस तरह से छाए
देखूं छवि तेरी तो हर जगह
तू ही तू नजर आए

हाय रे मेरे कान्हा मेरे मन भाए।
ओ कृष्ण मुरारी, हंसती है,
नहीं समझती है ये दुनियां सारी
कि करता तू मेरी रखवारी... !

तू मेरा कृष्ण मुरारी और
तेरी मैं पूजा प्यारी।


पूजा गाडिया लोहार, झालावाड




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूँ शहर होगा